मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 129
गुरुवार, 20 नवम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## पीएम मोदी ने 9 करोड़ किसानों के खाते में भेजे 18,000 करोड़, जारी की पीएम-किसान की 21वीं किस्त



**कोयंबटूर, 19 नवम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक समारोह में लाभार्थियों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। नौ करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय किसानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की, तथा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न कृषि उत्पादों के साथ-साथ पौधों और फसलों की वृद्धि दिखाने के लिए एक कोना भी प्रदर्शित किया गया था। प्रधानमंत्री के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि भी थे।

दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन 2025, जो 19-21 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, का आयोजन तमिलनाडु प्राकृतिक खेती हितधारक मंच द्वारा किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और रसायन-मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और भारत के कृषि भविष्य के लिए एक व्यवहार्य, जलवायु-अनुकूल और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल के रूप में प्राकृतिक और पुनर्योजी खेती की ओर बदलाव को गति देना है।

शिखर सम्मेलन में किसान-उत्पादक संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए बाजार संपर्क बनाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, साथ ही जैविक आदानों, कृषि-प्रसंस्करण, पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग और स्वदेशी तकनीकों में नवाचारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के 50,000 से अधिक किसान, प्राकृतिक कृषि व्यवसायी, वैज्ञानिक, जैविक आदान आपूर्तिकर्ता, विक्रेता और हितधारक भाग लेंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश का दौरा किया, जहाँ उन्होंने श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सेवा के बिना भक्ति, करुणा के बिना ज्ञान और सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं है।

## बिहार में फिर नीतीश सरकार, आज गांधी मैदान में शपथ समारोह



**पटना, 19 नवम्बर।** बिहार विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक बार फिर से विधायक दल की बैठक में नेता चुन लिया गया। इसका मतलब साफ है कि वह 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। गांधी मैदान में 20 तारीख को वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री के तौर पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी एक बार शपथ लेते हुए दिखाई देंगे। इसके अलावा गठबंधन में शामिल अन्य दलों की ओर से मंत्रियों का भी शपथ ग्रहण होगा। शपथ ग्रहण भव्य तरीके से किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री के अलावा भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इससे पहले बुधवार को पटना स्थित अपने आवास पर हुई जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया गया। बैठक के बाद जदयू सांसद संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने नीतीश कुमार को बधाई दी।

भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी को बिहार में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जबकि विजय सिन्हा उपनेता चुने गए। एनडीए ने 2025 के बिहार चुनावों में ऐतिहासिक प्रचंड जीत दर्ज की, जिसमें 243 में से 202 सीटें जीतीं, जबकि महागठबंधन केवल 35 सीटें ही हासिल कर सका। इस गठबंधन ने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में तीन-चौथाई बहुमत हासिल किया, जो दूसरी बार है जब एनडीए ने राज्य चुनावों में 200 सीटों का आंकड़ा पार किया। 2010 में, इसने 206 सीटें जीती थीं। एनडीए में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 89 सीटें, जनता दल (यूनाइटेड) ने 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) (एलजेपीआरवी) ने 19, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) (एचएएमएस) ने पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीटें जीतीं।

विपक्षी दलों में, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने 25 सीटें, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने छह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (लिबरेशन) [सीपीआई (एमएल) (एल)] ने दो, भारतीय समावेशी पार्टी (आईआईपी) ने एक और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [सीपीआई (एम)] ने एक सीट जीती।

## ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में बीएलओ की मौत के बाद निर्वाचन आयोग पर साधा निशाना



**कोलकता, 19 नवम्बर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को जलपाईगुड़ी के माल क्षेत्र में एक बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने क्षेत्र के कर्मचारियों पर अमानवीय दबाव डाल दिया है, जिसके कारण अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मृत आंगनवाड़ी कार्यकताबीएलओ के रूप में काम कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग की एसआईआर की कवायद के असहनीय दबाव के चलते उसने आत्महत्या कर ली।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर जारी बयान में 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए कार्य की निंदा की और इसे अनियोजित, अथक कार्यभार की संज्ञा दी।

ममता बनर्जी ने आयोग से विवेक से काम करने और इस अभियान को तत्काल निलंबित करने का अनुरोध किया है तथा चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान गति से एसआईआर का काम जारी रहा तो और मौतें हो सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि लंबी ड्यूटी के घंटे, यात्रा संबंधी आवश्यकताओं और समय सीमा पूरी करने के दबाव के कारण कई बीएलओ का स्वास्थ्य खराब हो चुका है। मुख्यमंत्री के आरोपों पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

## आया शहनाइयों का मौसम : 11 मुहूर्तों में शहर - गांव में छाई रौनक

**◆विवाह उद्योग में 25 हजार से अधिक शादियों का अनुमान, बाजारों में उमड़ा अभूतपूर्व फुटफॉल**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** दीपावली के बाद ठंडी हवाओं के साथ वाराणसी ने फिर वही पुराना सुहाना माहौल महसूस किया, एक ऐसा मौसम जिसमें दूर तक फैलती हल्दी की खुशबू, घर - आँगन में बनते मंडप, सड़क किनारे सजती फूल - मालाओं की दुकानों और गलियों में गूंजती बैंड - बाजा की धुनें लोगों को बता रही हैं कि शादी का सीजन लौट आया है।

22 नवंबर से शुरू हुए शुभ मुहूर्तों के साथ शहर ही नहीं, आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी विवाह तैयारियों की हलचल चरम पर है। इस बार नवंबर - दिसंबर में कुल 11 प्रमुख मुहूर्त हैं, जिनमें लगभग 25,000 शादियाँ होने का अनुमान है। मलमास लगने के कारण जनवरी का महीना शांत रहेगा, लेकिन फरवरी - मार्च में एक बार फिर बड़ा विवाह सीजन आएगा।

फिलहाल, नवंबर महीने ने ही बाजार, होटल -गार्डन, इवेंट सेक्टर और परिधान - ज्वैलरी उद्योग को संजीवनी दे दी है। ऐसा लग रहा है मानो दीपावली की चहल - पहल ठीक उसी रफ्तार से नवंबर के विवाह सीजन में समा गई हो। पंडितों के अनुसार, नवंबर के मुहूर्त :22, 23, 24, 25, 27, 29 और दिसंबर के 1, 4, 7, 11 हैं. अब तक के सबसे दौड़तेकृ- भागते विवाह स्लॉट माने जा रहे हैं। अकेले 22, 23, 24 और 25 नवंबर को ही हजारों शादियां प्रस्तावित हैं। यानी शहरी और ग्रामीण - दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि इतनी बढ़ गई है कि इसे एक सीजनल इकोनॉमी बूस्ट कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। एक शादी में परिधान, मेकअप, ज्वैलरी, फोटोग्राफी, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, वाहन किराया से लेकर पंडित, बैंड, टेंट, फर्नीचर, सबके लिए काम निकलता है। अगर प्रति शादी औसत खर्च 3 से 7 लाख भी माना जाए, तो केवल वाराणसी और आसपास में इस विवाह सीजन का आर्थिक प्रभाव 3,000 से 7,000 करोड़ रुपये से कम नहीं बैठता।



शहर के लगभग सभी होटल, बैंक्वेट हॉल, मैरिज लॉन और बड़े गार्डन पूरी तरह हाउसफुल हो चुके हैं। कुछ प्रमुख होटल तो नवंबर के पहले सप्ताह में ही 22 से 29 नवंबर के बीच की सभी तारीखें बुक कर चुके थे। नतीजा यह हुआ कि कई परिवारों को, या तो शादी की तारीख बदलनी पड़ी या फिर अपनी क्षमता से महंगे स्थल लेने पड़े. प्रीमियम पैकेज 20 से 40 फीसदी महंगे होने के बावजूद उपभोक्ताओं की मांग में कोई कमी नहीं आई। इसे सामाजिक व्यवहार का एक ट्रेंड भी माना जा सकता है : शादी में शोभा कम नहीं हो सकती, भले ही महंगाई अधिक हो। गोदौलिया, पीलीकोठी, चौक, लंका, महमूरगंज, सिगरा, कैन्ट, पांडेयपुर सहित हर जगह भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों के अनुसार इस बार फुटफॉल अक्टूबर से तीन गुना है।नवंबर - दिसंबर के विवाह मुहूर्तों ने वाराणसी और आसपास के जिलों में एक बार फिर वह चमक लौटा दी है जो कोरोना काल के बाद खो सी गई थी। बाजारों में जीवन है, दुकानदारों में उत्साह है, ग्राहकों में उमंग है और सामाजिकता में नई ऊर्जा. सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह है कि आधुनिकता के बीच वैदिक परंपराएँ फिर लौट रही हैं। विवाह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि संस्कृति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक एकता का बड़ा उत्सव है। इस सीजन के आंकड़े बताते हैं कि भारत की पारिवारिक और सांस्कृतिक ताकत कितनी गहरी है, जहाँ उत्सव किसी भी परिस्थिति में कम नहीं होते।

## निर्वाचन आयोग पर हमलों को लेकर पूर्व न्यायाधीशों और नागरिक समूह ने राहुल गांधी की आलोचना की



**नई दिल्ली, 19 नवम्बर।** पूर्व न्यायाधीशों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों और सशस्त्र बल के सेवानिवृत्त अधिकारियों के एक समूह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह बार-बार चुनावी विफलता के कारण हताश होने के चलते निर्वाचन आयोग की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इन 272 हस्तियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अविश्वसनीय रूप से असभ्य बयानबाजी करते हुए वोट चोरी के आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग पर बार-बार हमला किया है और दावा किया है कि जब अधिकारी आयोग से सेवानिवृत्त हो जाएंगे तो वह उन्हें परेशान करेंगे।

इसमें कहा गया है, फिर भी, ऐसे तीखे आरोपों के बावजूद उनके (राहुल) द्वारा निर्धारित शपथपत्र के साथ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है, ताकि वह निराधार आरोप लगाने और अपने कर्तव्य का पालन कर रहे लोक सेवकों को धमकाने के लिए अपनी जवाबदेही से बच सकें। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष आदर्श कुमार गोयल, पूर्व न्यायाधीश एस एन ढींगरा, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, न्यायमूर्ति राजीव लोचन, खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व प्रमुख संजीव त्रिपाठी और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के पूर्व निदेशक वाई सी मोदी सहित अन्य ने इस बयान पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है, यह व्यवहार बार-बार चुनावी असफलता और हताशा से उपजे गुस्से को दशार्ता है, जिसमें लोगों से फिर से जुड़ने की कोई ठोस योजना नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता तथा वामपंथी झुकाव वाले गैर-सरकारी संगठन मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ इसी तरह की तीखी बयानबाजी में गांधी के साथ शामिल हो गए हैं और यहां तक कि आयोग को भाजपा की बी-टीम करार दिया गया है।

बयान में कहा गया है, ऐसी उग्र बयानबाजी भावनात्मक रूप से प्रभावीशाली हो सकती है - लेकिन जांच के दौरान यह ध्वस्त हो जाती है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने अपनी एसआईआर कार्यप्रणाली को सार्वजनिक रूप से साझा किया है, अदालत द्वारा अनुमोदित तरीकों से सत्यापन की निगरानी की है, अयोग्य नामों को हटाया है और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा है।

## नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजनाओं को मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की।

योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि कुल 39453.39 लाख रुपए की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।







## सेक्स रॅकेट मे वांटेड आरोपी को नवघर पोलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर में आज नवघर पुलिस स्टेशन भायंदर ईस्ट के केस न० 531/2025, इठर 143(3),3(5) व पीटा एक्ट 4,5 की धाराओं में वांटेड एक महिला आरोपी को नवघर पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया। महिला आरोपी 5 साल से ठाणे डोंबिवली और उल्हासनगर में ग्राहकों को लडकियां भेजकर वेश्याव्यवसाय का कारोबार चला रही थी। पीटा एक्ट में वांटेड आरोपी को एमबीवीवी आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारीयो, तथा नवघर पुलिस स्टेशन के सिनियर पीआई धीरज कोली, और पीआई तृप्ति देशमुख मैडम, के मार्गदर्शन में पीएस आई संदीप व्हसकोटी, एचसी रविकांत व्हनमारे, प्रदीप काटकर, महिला पुलिस व नवघर पुलिस स्टेशन की टीम ने संयुक्त रूप से किया कारवाई।

## केडीएमसी ने भवन अनुमति के लिए वन-विंडो सिस्टम लॉन्च किया



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका (केडीएमसी) ने भवन अनुमति प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाने के लिए नई वन-विंडो सिस्टम की शुरूआत की है। इस प्रणाली से फायर, वाटर एवं सीवरेज, गार्डन और टैक्स विभाग की सभी आवश्यक एनओसी अब एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी, जिससे प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बनेगी। इस प्रणाली में समयबद्ध मंजूरी, ऑटो-एस्कलेशन, रियल-टाइम ट्रैकिंग और दस्तावेजों का मानकीकरण शामिल है, जिससे कागजी कार्यवाही में बड़ी कमी आएगी। यह मंच प्रॉपर्टी टैक्स डेटाबेस, ऑनलाइन पेमेंट गेटवे और स्वचालित वर्कफ़्लो से एकीकृत है, जिससे मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और दक्षता बढ़ेगी। राज्य की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीतियों और स्मार्ट सिटी मिशन के अनुरूप यह सुधार अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाएगा, शहरी नियोजन को मजबूत करेगा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा। नागरिकों और डेवलपर्स की सहायता के लिए केडीएमसी हेल्पडेस्क, हेल्पलाइन और जागरूकता सत्र भी आयोजित करेगा। केडीएमसी प्रवक्ता ने बताया की, वन-विंडो सिस्टम से मंजूरी में लगने वाला समय कम होगा और पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व सुविधाजनक बनेगी।

## कल्याण पूर्व में शिवसेना द्वारा बचत गट की महिलाओं के लिए मार्गदर्शन शिविर

◆विधानसभा संपर्क प्रमुख गायकवाड़ की पहल



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** बचत गट के माध्यम से कल्याण पूर्व की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शिवसेना के विधानसभा संपर्क प्रमुख महेश गायकवाड़ की पहल पर बचत गट की महिलाओं के लिए मार्गदर्शन शिविर का आयोजन हुआ। तिसगांव स्थित आई तिसाई मैरेज हाल में संपन्न हुए इस समारोह में कल्याण पूर्व के लगभग 150 बचत गट से जुड़ी हजारों महिलाएं उपस्थित थीं, जिन्हें रेशमा खरात ने संबोधित करते हुए मार्गदर्शन किया। इस मौके पर समाजसेविका सारिका महेश गायकवाड़, पूर्व नगरसेविका सुशीला माली, वंदना तांबे, हेमलता चौधरी, ज्योत्स्ना हुमने, सुजाता शिंदे, शुभांगी मुतकेकर, वैशाली ठाकुर आदि मान्यवर महिलाएं उपस्थित थीं। बचत गट के जरिए सामान्य महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन सकती है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर वे आत्मनिर्भर बन सकती है। इतना ही नहीं बचत गट के माध्यम से महिलाएं किस तरह आर्थिक और सामाजिक रूप से खुद को और अपने परिवार को मजबूत बना सकती है ? इस विषय पर रेशमा खरात ने हजारों महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में प्रशांत बोटे के साथ कृष्णा पाटिल और सुमेध हुमने ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस और सीएनबीसी-टीवी18 मिलकर भारत में विश्वसनीय वित्तीय सलाह को बढ़ावा देंगे

**मुंबई/पटना।** आज भारत वैश्विक विकास में सबसे आगे है - इस विकास की पहचान देश की तेज आर्थिक उन्नति, नए-नए आविष्कारों में वृद्धि और विश्वभर में बढ़ते प्रभाव से होती है। इससे भारतीयों के लिए अपने सपनों को पूरा करने और सफलता हासिल करने के लक्ष्य में जबरदस्त अवसर खुल चुके हैं। बढ़ती समृद्धि के साथ नागरिकों के लिए वित्तीय योजना और सुरक्षा की आवश्यकता भी आती है।

टाटा एआईए ने पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे अभिनव सुरक्षा समाधान प्रदान किए हैं, जिससे देश भर के उपभोक्ताओं को इस संबंध में मदद मिली है। यह कंपनी जीवन बीमा में भारत के प्रमुख सुरक्षा प्रदाता के रूप में उभरी है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, श्री वेंकी अय्यर ने कहाः टाटा एआईए में, हम वचन देते हैं आपके सपनों की रक्षा करने और आपके भविष्य को सुरक्षित रखने का और इस वचन का पूरा फोकस हमारे उपभोक्ता पर है। हमारे सलाहकार हमारे भरोसेमंद भागीदार हैं जो उपभोक्ताओं के जीवन के विभिन्न चरणों में उनकी सेवा करने में मदद करते हैं। टाटा एआईए ऑरा के साथ, हम अपने वित्तीय सलाहकार समुदाय की उद्यमशीलता की भावना और सफलता को सम्मानित करना चाहते हैं। सीएनबीसी-टीवी18 के साथ हमारी साझेदारी का लक्ष्य अगली पीढ़ी के सलाहकार-उद्यमियों को प्रेरित करना है जो बीमा को एक पूर्णकालिक पेशे के रूप में स्वीकार कर सकते हैं।

# राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखना सर्वोच्च जिम्मेदारी : एड. आशीष शेलार

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी होनी चाहिए। आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बी कंधारी प्रॉपर्टीज के बिहारी कंधारी द्वारा सिंधी समाज को एकत्रित करके कंधारी परिवार द्वारा बांद्रा पश्चिम के बाल गंगाधर रंग मंदिर में आयोजित कार्यक्रम, हिन जनम, हर जनम का भव्य आयोजन किया गया प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आरएसएस हिंदुत्व की आत्मा है, जिसके बिना हिंदुत्व अधूरा है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक बी कंधारी प्रॉपर्टीज के बिहारी कंधारी विक्की कंधारी तथा अर्जुन कंधारी पूरे कंधारी परिवार को शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बधाई देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी आप ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित करके हिंदुत्व और सनातन को मजबूत करने का काम करते रहें। एडवोकेट शेलार ने कहा कि देश के विकास में सिंधी समाज महत्वपूर्ण भूमिका है। देश को जब भी जरूरत पड़ी सिंधी समाज ने आगे बढ़ते हुए अपना योगदान दिया। इस मौके पर कंधारी परिवार के प्रमुख मुखिया बिहारी कंधारी ने कहा कि आरएसएस और हिंदुत्व एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को आरएसएस से जुड़ने की अपील की। अर्जुन कंधारी ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा करना



हर व्यक्ति का आवश्यक कर्तव्य होता है। हर व्यक्ति को अपने राष्ट्र पर अभिमान होना चाहिए अर्जुन कंधारी ने हाल ही में छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख विधायक अमित बघेल द्वारा सिंधियों को पाकिस्तानी कहे जाने पर घोर आलोचना करते हुए कहा कि सिंधी समाज भारत की आत्मा में बसता है। भारत के लिए जब भी जरूरत पड़ी, सिंधी समाज ने हमेशा अपने प्राणों की आहुति दिया है । उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी जब भी हमारे देश को खून की जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले सिंधी समाज भारत के लिए सर कटाने को तैयार मिलेगा। सिंधी समाज पर टिप्पणी करने वाले देश के गद्दार हैं ।सरकार को इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्र प्रेम से जुड़े अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में बीकेपी ग्रुप के संस्थापक कंधारी परिवार के प्रमुख मुखिया बिहारी कंधारी, लक्ष्मण लुधानी, अर्जुन कंधारी, विजय कंधारी, भारती छावरीया, राम जवरानी महेश सुखरमाणि नेहा जगतिआनी, मुरली अदनानी पूर्व एमएलसी जलगांव गुरमुख जगवानी, नानक रुपानी राम जौहरानी,निरंजन ठाकुर, ज्योति ठाकुर के साथ-साथ इस मौके पर हजारों की संख्या में सिंधी समाज के देश-विदेश के लोग उपस्थित थे।

## क्विक हील ने टोटल सिक्योरिटी वर्जन 26 पेश किया

**मुंबई।** वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने आज अपने नवीनतम और अत्याधुनिक संस्करण क्विक हील टोटल सिक्योरिटी वर्जन 26 को पेश किया। तीन दशकों से दुनिया भर के लाखों उपयोगकताओं की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने डिजिटल सुरक्षा के अगले युग की शुरूआत की है। यह नया संस्करण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्राइवेसी प्रोटेक्शन और उन्नत सुरक्षा तकनीकों का अनूठा संगम है, जो बदलते साइबर खतरों और बढ़ते डिजिटल फ्रॉड से भारतीय उपयोगकताओं को पहले से कहीं अधिक स्मार्ट, सटीक और वास्तविक समय की सुरक्षा प्रदान करेगा।

## जिला परिषद पालघर में मनाई गई स्व. इंदिरा गांधी की जयंती



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं लौह-महिला के नाम से प्रसिद्ध स्व. इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवंबर को जिला परिषद पालघर में मनाई गई। उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (सा.) इजाज अहमद शरीक मसलत ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें नमन किया।

ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व, दूरदृष्टि और ऐतिहासिक निर्णयों से भारत की राजनीतिक दिशा तय की। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में निर्णायक भूमिका, बैंकों का राष्ट्रीयकरण तथा हरित क्रांति को मिली नई गति—ये उनके कार्यकाल के महत्वपूर्ण मील के पत्थर माने जाते हैं।उनकी जयंती अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी ग्रहण की। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी व्यंकटराव हुंडेकर, शिक्षा अधिकारी (योजना) शेषराव बडे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के तहत विक्रमगढ़ में तहसील स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से पालघर जिले की विक्रमगढ़ पंचायत समिति सभागृह में 18 नवंबर को तहसील स्तरीय महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा की प्रकल्प संचालिका डॉ. रूपाली सातपुते, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) अशोक पाटील, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (मनरेगा) अतुल



पारस्कर, गटविकास अधिकारी महेश पांढरे सहित विक्रमगढ़ तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने संबोधित करते हुए कहा कि समृद्ध पंचायत राज अभियान ग्रामविकास की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। ग्रामपंचायतों को चाहिए कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभाग लेकर अपने विकास का स्पष्ट और व्यवहार्य रोडमैप तैयार करें। उन्होंने प्रशासन को प्रलंबित कार्यों में तेजी लाने, आचारसंहिता लागू होने से पूर्व आवश्यक मंजूरियों की पूर्ति करने और विकास कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक ग्रामपंचायत उल्लेखनीय कार्य कर पुरस्कार प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करे। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे ने भी विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि अधिकाधिक ग्रामपंचायतों को अभियान से जोड़ना आवश्यक है। सक्रिय सहभाग से तहसील और जिले के विकासात्मक लक्ष्य तेजी से हासिल किए जा सकते हैं।

बैठक के उपरांत मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने वाकी-म्हसेपाड़ा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने यहां मोडकलीस आए कोल्हापुरी बांध का निरीक्षण किया तथा आपत्ती व्यवस्थापन बोट के माध्यम से बांध के लिए प्रस्तावित नई जगह का भी जायजा लिया। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मंजूर घरकुलों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने जिला परिषद विद्यालय पहुंचकर छात्रों व शिक्षकों से संवाद भी साधा। इस निरीक्षण दौरे में संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मीरा भायंदर शहर में 4 दूध वितरण केंद्र महानंदा को सौंपे गए, नागरिकों को मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पाद

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में कुल 69 दूध वितरण केंद्रों का प्रबंधन और वितरण महानंदा डेयरी को हस्तांतरित कर दिया गया है। इनमें से 5 दूध वितरण केंद्रों का नवीनीकरण महानंदा डेयरी द्वारा विभिन्न सुविधाओं के साथ पूरा कर लिया गया है। 18 नवंबर, 2025 को मीरा भायंदर महानगरपालिका के आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में और महानंदा डेयरी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पी.बी. परमार की विशेष उपस्थिति में मीरा भायंदर महानगरपालिका मुख्यालय में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नगर अभियंता दीपक



खाम्बित और महानगरपालिका के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, आयुक्त द्वारा 5 नवीनीकृत दूध वितरण स्टॉलों का वितरण किया गया है और शेष स्टॉलों का वितरण जल्द ही किया जाएगा। इस निर्णय से स्टॉल धारकों में उत्साह का माहौल है और मीरा-भायंदर शहर के नागरिकों को अब महानंदा डेयरी के विभिन्न प्रकार के ताजा और उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों का लाभ मिलेगा। महानंदा डेयरी की विशेष भागीदारी दूध वितरण व्यवस्था को एक नई गति प्रदान करेगी। मीरा-भायंदर महानगरपालिका शहर के नागरिकों की सेवा को और अधिक कुशल और विश्वसनीय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# अवैध शराब भट्टियों पर पुलिस का छापा, लाखों की संपत्ति नष्ट

**बसई (उत्तरशक्ति)।** नायगांव में मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि नायगांव पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में कामां के देवकुंडी जंगल क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बनाने की भट्टी लगा रहे हैं। प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर, पुलिस अधिकारियों और अपराध शाखा सेल 2, वसई कार्यालय के अंमलदार ने 18 नवंबर 2025 को कामां गांव के देवकुंडी जंगल क्षेत्र में छापा मारा और 2 भट्टियों और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो गांव की शराब बना रहे थे।

हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के नाम, सुनील यशवन्त वघाट रु. मु-देवकुंडी, पो-कामन, वसई पूर्व,



जिला पालघर, प्रकाश किसान कोल्हा उम्र 45 वर्ष निवासी बेलकड़ी, पोस्ट कामन ताल. वसई, जिला पालघर के रहने वाला है। उक्त छापेमारी के दौरान, ग्रामीण शराब बनाने में प्रयुक्त 3,600 लीटर वाश 2) ग्रामीण शराब बनाने में प्रयुक्त 100 लीटर वाश और 3,10,200/- रुपये मूल्य की 100 लीटर वाश जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दी गई। आरोपी के विरुद्ध नायगांव पुलिस स्टेशन में महाराष्ट्र मद्य निषेध अधिनियम, 1949 की धारा 65 (बी), (सी), (डी) और (एफ) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों द्वारा मामला दर्ज किया गया है।

## नवी मुंबई में बाल सुरक्षा सप्ताह 2025 की शुरूआत

**नवी मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अर्पण वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त एक गैर-लाभकारी संस्था है, जो बाल लैंगिक शोषण को जड़ से खतम करने के लिए लगातार काम कर रही है। नवी मुंबई नगर निगम (NMMC) और नवी मुंबई म्युनिसिपल ट्रांसपोर्ट (NMMT) ने अर्पण के साथ मिलकर बाल सुरक्षा सप्ताह मनाया। इस मौके पर नवी मुंबई की 100 बसों पर #POCSOPakadLega संदेश लगाया गया। इस वर्ष, अर्पण का अभियान एक साहसिक और अडिग विषय पर केंद्रित है : #POCSOPakadLega यह हर अपराधी को एक सख़्त संदेश और एक चेतावनी देता है। यह ढडउरड अधिनियम (लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) को लोगों की नजर में स्पष्ट रूप से लाता है, और बताता है कि इसके परिणाम निश्चित हैं और उन्हें जवाबदेह भी बनना पड़ेगा। अर्पण की गुडविल एंबेसडर और भारत की सबसे प्रशंसित अभिनेत्री विद्या बालन भी, उरह 2025 के चेहरे और आवाज के रूप में अपना समर्थन दे रही हैं। श्वेता कवात्रा, मानव गोहिल और अनूप सोनी जैसे प्रसिद्ध कलाकारों ने भी इस अभियान का समर्थन किया है। कार्यक्रम में एक विशेष NMMT बस का उद्घाटन किया गया। इस बस पर बाल



सुरक्षा संदेश लगाया गया। अब 100 NMMT बसें नवी मुंबई में चल रही हैं। ये बसें प्रमुख मार्गों तथा अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में संचालित होंगी। इन मार्गों पर रोजाना यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों तक यह बसें #POCSOPakadLega का संदेश पहुँचाएँगी। इन बसों के जनजागरूकता अभियान के माध्यम से बच्चों का लैंगिक शोषण करने वाले व्यक्तियों को यह सख़्त चेतावनी दी जाएगी कि वे बच्चों से दूर रहें और किसी भी तरह का अनुचित व्यवहार न करें। अर्पण की संस्थापक और सीईओ, पूजा तापड़िया ने कहा, बच्चों की सुरक्षा केवल संयोग या कुछ लोगों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता; इसके लिए सामूहिक ज़िम्मेदारी की जरूरत है। हर शहर और हर समुदाय को बच्चों को सुरक्षित रखने में हमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नवी मुंबई में इस पहल की शुरूआत दर्शाती है कि जब नगर निगम, सार्वजनिक परिवहन और सामाजिक संस्थाएँ बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ मिलकर काम करते हैं, तो कुछ भी संभव हो सकता है। हम नवी मुंबई नगर निगम और नवी मुंबई नगर परिवहन के प्रति तहे दिल से आभारी हैं कि उन्होंने शहर के परिवहन नेटवर्क के जरिए इस संदेश को बड़ी मात्रा में लोगों तक पहुँचाने में हमारा सहयोग किया। #POCSOPakadLega जैसे अभियान जागरूकता बढ़ाने, सतर्क रहने और अपराधियों को याद दिलाते हैं कि जवाबदेही जरूरी है। यह जागरूकता जरूरी है क्योंकि POCSO अधिनियम, एक मजबूत कानूनी ढाँचा होने के बावजूद, वास्तव में तभी प्रभावी होता है जब लोग इसे समझें और इस पर अमल करें।

## शिवसेना विकास कामों के जरिये जनता का दिल जीतती - पूर्व नगर अध्यक्ष वामन म्हात्रे



**चेतन निर्मल संवाददाता**

**बदलापुर (उत्तरशक्ति)।** बदलापुर नगर परिषद का चुनाव 2 दिसंबर को होने जा रहा है। शिवसेना ने यहां से 49 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। जब से नगर परिषद बनी है। उस समय से, भाजपा और शिवसेना दोनों अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरते हैं। परिणाम आने के बाद, हम एक साथ सत्ता बनाते हैं। पूर्व नगर अध्यक्ष वामन म्हात्रे ने एक मुलाकात के दौरान यह बात कही है । इस बार भी भाजपा और शिवसेना दोनों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

वामन म्हात्रे ने यह भी कहा कि शिवसेना को 2014 में पूर्ण बहुमत मिला, उस समय वामन म्हात्रे खुद नगर अध्यक्ष बने। उस समय से शहर में विकास कार्यों ने पूरी गति मिली। विकास की गति का श्रेय आज के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जाता है। क्योंकि शिंदे 2014 में शहरी विकास मंत्री थे, बदलापुर शहर की सभी सड़कें आरसीसी पद्धति से बनाई गई। शिवसेना ने शहर में लोगों की सभी समस्याओं को दूर करने का काम किया है, पूरे शहर में अच्छे उद्यान से लेकर स्ट्रीट लाइट तक पूरे शहर में लगाया ।

शहर में जनता की हर समस्या पर शिवसेना ने काम किया । यही सब विकास कामों के जरिये शिवसेना जनता के बीच चुनावी मैदान में उतरी है। और जनता शिवसेना को फिर से विजयी बनाकर बदलापुर नगर परिषद में भेजेगी।

## दिव्यांग क्षेत्र में बिना पंजीकरण काम करने वाली संस्थाओं पर होगी कार्रवाई : डॉ. प्रकाश हसनालकर

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले में दिव्यांग क्षेत्र में कई संस्थाएं बिना किसी सरकारी पंजीकरण के काम कर रही हैं, जो शासन के निदेर्शों के विरुद्ध है। इस संदर्भ में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर ने बताया कि ऐसी संस्थाओं के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। शासन ने 30 नवंबर 2025 तक पंजीकरण की अंतिम तिथि तय की है, जिसके बाद बिना पंजीकरण कार्यरत संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

दिव्यांग विभाग के सचिव तुकाराम मुंढे की अध्यक्षता में 7 नवंबर 2025 को दूरदृश्य (वीसी) बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य के सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि दिव्यांग क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य है। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार दिव्यांग कल्याण आयुक्त को सक्षम प्राधिकारी घोषित किया गया है, जो पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करते हैं।


उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com








**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।

**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941** **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# जिलाधिकारी ने तहसील बदलापुर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा तहसील बदलापुर सभागार में विशेष प्रगाढ़




पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न बीएलओ द्वारा अब तक की गई प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ के द्वारा वितरित किए गए गणना प्रपत्रों, उनके संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि गणना प्रपत्र वितरण और संग्रहण संबंधी कार्य में कुछ बीएलओ की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी बदलापुर को निर्देशित किया कि ऐसे बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कराते हुए कार्य में गति लाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएँ।

जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तकनीकी बिंदुओं पर अधिकारियों एवं बीएलओ को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचन नामावली में सम्मिलित होना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण करें। साथ ही, प्रपत्र भरवाकर उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र संग्रहीत करें, जिससे उनके डिजिटाइजेशन का कार्य समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी प्रपत्रों की प्रविष्टि सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, उपजिलाधिकार बदलापुर योगिता सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीएलओ, सुपरवाईजर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शादी के दिन द्वारपूजा में दुल्हे के भाई से 80 हजार छिनैती

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एराकियाना मोहल्ला स्थित मैरिज लॉन में द्वारपूजा के दौरान पहुंचे बाइक सवार तीन उच्चके दूल्हे के भाई से बैग छीनकर भाग गए। पीड़ित के मुताबिक बैग में 80 हजार रुपये थे। घटना की जानकारी होने पर पुलिस जांच में जुट गई है। सरपतहा थाना क्षेत्र के मिसिरपुर निवासी श्वेता की शादी बस्ती जिले के महरीपुर गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के बेटे डॉक्टर पवन सिंह से तय हुई थी। मंगलवार की रात बरात शाहगंज स्थित एराकियाना मोहल्ला स्थित मैरिज लॉन में आई थी। रात 10:30 बजे द्वारका पूजा के दौरान बाइक सवार तीन बदमाश आए और दूल्हे के भाई राम प्रकाश सिंह से बैगछीन कर भाग निकले। पुलिस सीसी कैमरे भी खंगाल रही है।

# विश्व की सबसे शक्तिशाली नेता थी आयरन लेडी इंदिरा गांधी: डा.प्रमोद कुमार सिंह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस



कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष डा .प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकताओं ने श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर था, उन्होंने अपने सशक्त निर्णयों और दूरदर्शी नीतियों के तहत पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंग्लादेश का निर्माण करके विश्व के भूगोल को बदलने के साथ ही भारत की मजबूती का लोहा पूरी दुनिया को मनवाया। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी की ही देन है जो आज भारत परमाणु सम्पन्न देश बन गया है, उन्होंने किसानों, नौजवानों, गरीबों और मजदूरों के हित में बहुत क्रांतिकारी काम किया है, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, देश का औद्योगीकरण, किसानों के लिए हरित क्रांति का विस्तार कर इंदिरा गांधी ने एक विकसित राष्ट्र का निर्माण किया।

शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि आयरन लेडी के नाम से पूरी दुनिया में सुविख्यात इंदिरा गांधी के बीस सूत्रीय कार्यक्रम को आज भी पूरा देश बड़े आदर के साथ याद करता है। इस मौके पर लाल प्रकाश पाल,अनिल सिंह, इरशाद खान, राज कपूर पटेल, मुहम्मद ताहिर, इकबाल हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पिता ने अपनी ही 18 माह की बच्ची को नदी में फेका, पुलिस ने लिया हिरासत में

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत थाना क्षेत्र के खड़गसेनपुर गांव में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक पिता ने अपनी ही 18 माह की बच्ची को नदी में फेंकने की खबर गांव में फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

बताया जाता है कि बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उक्त थाना क्षेत्र के खरगसेंनपुर निवासी अशोक विश्वकर्मा ने अपनी 18 माह की बेटी रुतबी को नदी में फेंक दिया है। तभी क्षेत्राधिकारी अजीत रजक, कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मां संजू विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि अशोक सुबह करीब सात बजे रुतबी को घुमाने के बहाने घर से लेकर निकला था। काफी देर बाद बड़ी बेटी आकांक्षा ने



फोन कर घर आने को कहा तो उसने थोड़ी देर में आने की बात कही। इसी बीच गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि अशोक नदी के किनारे बच्ची के साथ देखा गया है। परिवार को शक होने लगा क्योंकि घर में तीसरी बेटी को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। पत्नी का कहना है कि अशोक को बेटा चाहिए था और इसी को लेकर आए दिन विवाद होने के चलते तनाव रहता था।

पुलिस ने आरोपी पिता अशोक को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और नदी में गोताखोरों की मदद से बच्ची को तलाशना शुरू करवाया दिया लेकिन रुतबी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लापता रुतबी तीन बहनों में सबसे छोटी थी। उससे बड़ी बहनें आकांक्षा (18) और शिष्टि (13) तथा मां संजू का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पिता से पूछताछ जारी है। बच्ची की तलाश जारी है मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बसुही नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

## जज सिंह अन्ना के नेतृत्व में बघनरी-हरद्वारी मार्ग पर विरोध

**दिनेश विश्वकर्मा**

बरसठी,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बरसठी ब्लॉक क्षेत्र में बसुही नदी पर मिनी पुल निर्माण की वर्षों से लंबित मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों



ने बघनरीझ्हरद्वारी मार्ग पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता जज सिंह अन्ना ने किया। ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुल निर्माण की तत्काल स्वीकृति की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल न होने से पूरे क्षेत्र की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित रहती है। एंबुलेंस, मरीज, गर्भवती महिलाएँ तथा स्कूली बच्चों को रोजाना कठिनाई के साथ नदी पार करनी पड़ती है। कई बच्चे रोज साइकिल से नदी पार कर स्कूल जाते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

पूर्व प्रधान कमलेश सिंह उर्फ सोनू ठाकुर ने बताया कि प्रस्तावित मिनी पुल बनने से बघनरी, मनीपुर, हरद्वारी, कोहणा, चतुर्भुजपुर और बड़ेरी गांव सीधे मछलीशहर हाईवे से जुड़ जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि इस अहम मुद्दे पर उदासीन हैं, जबकि 10 से 50 हजार की आबादी के लिए यह पुल जीवनरेखा साबित होगा। उन्होंने जिलाधिकारी जौनपुर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बघनरी निवासी सुरेंद्र ने बताया कि यह मांग पिछले 50 वर्षों से लंबित है। ग्रामीणों ने कई बार सांसदों व विधायकों को ज्ञापन सौंपा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 25 मीटर लंबे इस मिनी पुल का निर्माण क्षेत्र के विकास का रास्ता खोलेगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से एक वर्ष के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# जौनपुर में लौह पुरुष सरदार पटेल जी की जयंती पर एकता यात्रा का आयोजन

## प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा जी की अगुवाई में नौपेड़वा से मोहम्मदपुर तक उमड़ा जनसैलाब

- राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल जी की भूमिका को मा0 प्रभारी मंत्री जी ने बताया अतुलनीय
- स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत, पूरे मार्ग में छाया देशभक्ति का माहौल
- सभी को देश निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का किया आह्वान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग तथा जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में आयोजित एकता यात्रा में सहभागिता की। यह यात्रा मल्हनी विधानसभा अंतर्गत नौपेड़वा से मोहम्मदपुर तक उत्साह, देशभक्ति और सामाजिक एकजुटता के संदेश के साथ निकली। बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने यात्रा में शामिल होकर इसे विशाल जनसमूह का रूप दिया।






अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। 562 रियासतों को एक धागे में पिरोकर उन्होंने एक मजबूत, संगठित और सशक्त भारत का निर्माण किया। उनका जीवन देशभक्ति, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के सिद्धांत और विचार आज भी देश की एकता और अखंडता की आधारशिला हैं। प्रभारी मंत्री जी ने आगे कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं को सरदार पटेल की कार्यशैली, समर्पण और राष्ट्रप्रथम की भावना से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है जब समाज में एकता, सदभाव और आपसी सम्मान की भावना बढ़े। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ाने के लिए अपने-अपने स्तर पर सकारात्मक प्रयास करें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोकर वह कार्य किया, जिसे करने की हिम्मत और दृष्टि बहुत कम लोगों में होती है। यदि सरदार पटेल न होते तो अखंड भारत का निर्माण मुश्किल था। उन्होंने केवल रियासतों को ही नहीं जोड़ा बल्कि देश की विविधताओं को एक शक्तिशाली पहचान दी। आज हम जिस सशक्त भारत पर गर्व करते हैं उसका मूल आधार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की दूरदर्शिता और कार्यशैली है।

इस अवसर पर माननीय सांसद राज्यसभा श्रीमती सीमा द्विवेदी ,राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश गिरीश चंद्र यादव, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशू, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र, पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपा शंकर सिंह, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, डीसीएफ चेयरमैन धन्नजय सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित गौरव हास्पिटल के समीप सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीबीगंज चौकी क्षेत्र के मदरहा के वन बहोरनपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व राकेश कुमार विश्वकर्मा मंगलवार की शाम शाहगंज अपनी बाइक से दवा लेने आया था।दवा लेकर वापस घर जाने के दौरान अयोध्या मार्ग स्थित गौरव हास्पिटल के समीप तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता

जैनपुर (उत्तरशक्ति)। क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 दिसम्बर, 2025 तक अमेठी में तथा जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 06 से 08 दिसम्बर, 2025 तक गाजीपुर में किया जा रहा है।

उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 21 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी खिलाड़ी ही 25 नवम्बर 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में मध्यान्ह 12.00 बजे से किया जायेगा, में प्रतिभाग करेंगे। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा, मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।

जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी 2006 के बाद की होनी चाहिए तथा बालकों का वजन 75 किग्रा0 तथा बालिकाओं का वजन 65 किग्रा0 से अधिक नहीं होना चाहिए।

# वाराणसी अस्पताल में युवक की संदिग्ध मौत, पुलिस फोर्स मौके पर तैनात

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के सारनाथ थाना क्षेत्र के ह्रदयपुर सथवा स्थित खुशहाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शुक्रवार को एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत होने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ललित पाठक (26), पुत्र घनश्याम पाठक, निवासी नारायणपुर, चौबेपुर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों और स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश और सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुटी है।

# कुल्हनामऊ हाईवे पर रोडवेज बस और बुलेट की जोरदार टक्कर में दो घायल, बुलेट में लगी आग

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ हाईवे पर रोडवेज बस और बुलेट की जोरदार टक्कर में अचानक बुलेट में आग लग गई। जिससे एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया जबकि उसका साथी



घायल हो गया। घटना में बुलेट जलकर राख हो गई। घटना के दौरान आस-पास के लोग मौके पर जुट गए। आननफानन में सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना के बाबत हाईवे पर थोड़ी देर के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने क्रेन बुलाकर उसकी मदद से वाहनों को हटवाकर रास्ता साफ कराया। हादसे में सरपतहां थाना क्षेत्र के उपाध्यायपुर गांव निवासी 20 वर्षीय हिमांशु सोनी पुत्र महेंद्र और साथ में 18 वर्षीय अभिषेक प्रजापति पुत्र शेषनाथ घायल हो गए थे। हादसे में हिमांशु गंभीर रूप से झुलस गया है। अभिषेक को मामूली चोटें आई हैं। इधर घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हाल में साइबर जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ व अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को किया गया सम्बोधित। आज दिनांक 19.11.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन जौनपुर के बहुउद्देशीय हॉल में साइबर जागरूकता कार्यशाला (Cyber Awareness Workshop) का सफल आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक जौनपुर की गरिमामयी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी (Cyber Fraud) और अपराधों से आम नागरिकों तथा पुलिसकर्मियों को जागरूक करना और उनके बचाव के तरीकों पर प्रशिक्षण देना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ और अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी ने वर्चुअल माध्यम से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वर्कशॉप में साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करने के लिए साइबर सिक्युरिटी एक्सपर्ट राहुल मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने



साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए व्यावहारिक जानकारी और तकनीकी गुर साझा किए।

इस अवसर पर जिला जज जौनपुर, जिलाधिकारी जौनपुर, मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर/लाइन्स), सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे, जो इस विषय की गंभीरता को दशार्ता है। कार्यक्रम में श्रीमती आदर्श वर्मा (मिशन शक्ति) और सेव लाईफ फाउंडेशन (रोड सेफ्टी) के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सामाजिक जागरूकता और सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर बात की।

पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे साइबर फ्रॉड की किसी भी घटना को हल्के में न लें और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। इस वर्कशॉप का उद्देश्य आम जनता और पुलिस बल के बीच साइबर सुरक्षा की एक मजबूत कड़ी स्थापित करना है, ताकि जौनपुर में एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# कमरे में सो रहे हेड कांस्टेबल की जिंदा जलकर मौत

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। मेरठ जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हेड कांस्टेबल की जलकर दर्दनाक मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने शव को कमरे से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल अभी तक आग लगने की सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है, पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।

पुलिस के मुताबिक, सिविल लाइन थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विभोर कुमार 2011 में पुलिस में भर्ती हुए थे। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शर्मा नगर में हेड कांस्टेबल विभोर कुमार एक मकान में किराए पर रह रहते थे। विभोर मंगलवार देर रात को ड्यूटी से लौटे और अपने रूम में चले गए।

एसएसपी डॉक्टर विपिन ताड़ा ने बताया कि विभोर कमरे से मंगलवार की रात अचानक धुंआ उठने लगा। इससे मकान के बाकी हिस्सों में रहने वाले किरादार को सांस लेने में तकलीफ हुई तो उन्होंने पता करने की कोशिश की, तभी विभोर के

**धूम्रपान से बिस्तर में आग लगने की आशंका**

कमरे से धुआं निकलता देखा। पड़ोसियों ने आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद लोगों ने मिलकर दरवाजे को तोड़ा तो सारा सामान जल चुका था। हेड कांस्टेबल की भी जलकर मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बुरी तरह से जल चुके पुलिसकर्मी के शव को मोचेर्री भेजा।

एसएसपी डाक्टर विपिन ताड़ा ने बताया कि मंगलवार देर रात को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में आग लगने से हेड कांस्टेबल विभोर की मृत्यु हुई है। आसपास में किराए पर रह रहे पुलिसकर्मियों, मकान मालिकों समेत आसपास के लोगों ने जब धुंआ निकलता पाया तो दरवाजा तोड़ा और उनका शव जलता पाया गया। उच्च अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर मुआयना किया गया। प्रत्मदृष्टया ऐसा ही प्रतीत हो रहा है कि धूम्रपान के कारण बिस्तर में आग लगी, जिसके चपेट में हेड कांस्टेबल आ गए और उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ परिजनों को भी जानकारी दी गई है।

# पद्मश्री लोकगीत गायिका उर्मिला श्रीवास्तव ने बाँधा समां, कजरी और देवी गीतों से मंत्रमुग्ध हुआ टीडी कालेज

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पद्मश्री (2024) सम्मानित लोकगीत एवं कजरी गायिका श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव का बुधवार को नगर के टीडी कालेज में आगमन हुआ। जहां उनके आगमन पर पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल दिखाई दिया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही उर्मिला श्रीवास्तव की मधुर प्रस्तुतियाँ, जिन्होंने अपने प्रसिद्ध लोकगीत रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे, मनभावन देवी भजन, तथा स्वरमयी कजरी गीतों से हॉल में ऐसा रस घोला कि उपस्थित सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट लंबे समय तक गूंजती रही।




उर्मिला जी के साथ श्रेष्ठ शुक्ला, प्रदेश सचिव SPIC MACA , तथा उनकी पूरी टीम उपस्थित रही, जिनके सहयोग से कार्यक्रम और भी भव्य बना।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, अजय सिंह (प्रबंधक, पंचशील इंटर कॉलेज), प्रोफेसर नरेंद्र देव पाठक (जिला उपाध्यक्ष, संस्कार भारती), तथा सत्य प्रकाश सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, अभिषेक सिंह (संगीत), अमरेश राय, प्रीति उपाध्याय, रीता सिंह, गीता मिश्रा, नरेंद्र सिंह, राजीव सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने विशेष आग्रह करते हुए कहा कि उर्मिला ,आप पुनः विद्यालय में कार्यशाला आयोजित कर हमारे बच्चों को अपने अनुभव और कला से लाभान्वित करें। लोकगीत और कजरी गायन की सुमधुर परंपरा को जीवंत करने वाला यह आयोजन लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

